टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज
वर्ल्ड न्यूज़लेटर
न्यू यरूशलेम
विश्वभर की चर्च
पास्टर टोनी अलामो
दी अलामो क्रिश्चियन नेशन
वॉल्यूम 21800




# विश्व मंत्रणा

**टोनी अलामो**

मुझे कुछ सीधा स्पष्ट कहना है। जब ईश्वर कहते हैं कि शैतान ने सारे संसार को धोखा दिया है, जैसा कि प्रकाशित वाक्य 12:9 में उल्लेख है, तब वे विश्व के सभी असुरक्षित लोगों के विषय में बोल रहे हैं, न कि हमारे विषय में, जिन्होंने दोबारा ईसाई के रूप में संसार में, पुनः जन्म लिया है, लेकिन संसार के नहीं है (युहन्ना 17:14-18)[1]। ईसाई शब्द आज शिथिलता से प्रयोग किया जाता है। कैथोलिक ईसाई नहीं हैं बल्कि संसार के सबसे बड़े पंथ के सदस्य हैं।[2]

संसार के लोग संसार के परामर्शदाताओं की सुनते हैं[3]। ये पागलपन के प्रशिक्षक हैं—पागल हैं। भजन संहिता 1:1 का कथन है, "धन्य है वह व्यक्ति (लोग) जो धर्मभ्रष्ट की मंत्रणा पर नहीं चलता है, न पापियों के मार्ग में खड़ा होता है, न ही घिनौने स्थान पर बैठता है।" अब सारा संसार धर्मभ्रष्ट परामर्शदाताओं को सुनता है। धर्मभ्रष्ट का अर्थ है ईश्वर के विपरीत और उसमें संसार की राजनीति और जेल राजनीति जैसे विषय भी सम्मिलित हैं। ये दोनो अधर्मी हैं। ये लोग जो राजनेता हैं, वे केवल अधर्मी लोगों की असंयमित भीड़ द्वारा चुने गए अधिकारी हैं, न कि ईश्वर द्वारा चुने गए हैं। ये अधर्मी लोग किताबें भी लिख रहे हैं, जिन्हें वे बाइबल कहते हैं। मगर ये बाइबल के विरोधी हैं, अत: इनको पढ़ना बहुत ख़तरनाक है।

इसका एक उदाहरण रोमियों 13:1 में पाया जाता है, जो कहता है, "हर आत्मा को उच्च शक्ति के अधीन हो जाने दो (इसका अर्थ चुने हुए अधिकारियों से नहीं है, जैसा कि सरकारी बाइबल आपसे अपेक्षा करती है।) क्योंकि ईश्वर के अलावा और कोई शक्ति नहीं है।" "यीशू आए और बातें की, कहा स्वर्ग और पृथ्वी पर सब शक्ति मुझे दी गई है।" (मत्ती 28:18).

रोमियों 13:1 का कथन है, "जो शक्तियाँ होंगी वे ईश्वर द्वारा दिए गए आदेश होंगे"। क्या आप यह मानते हैं कि समलैंगिकता अथवा स्त्री समलैंगिकता, जिसकी वह (ईश्वर) निन्दा करता है, ईश्वर की आज्ञाएँ हैं,"।[4] क्या आप मानते हैं कि ईश्वर गर्भपात—हत्या की आज्ञा देता है, जिसकी वह निन्दा भी करता है।[5] क्या आप मानते हैं कि ईश्वर व्यभिचार, झूठ, चोरी या अन्य पाप की आज्ञा देता है। नहीं, वह ऐसे बुरे कामों की आज्ञा नहीं देता। क्या आप मानते हैं कि आप ऐसी दुष्टता करके स्वर्ग जाएँगे। आप नहीं जाएँगे। यदि आप इन झूठी बातों पर विश्वास करते हैं तो आप अधर्मी अधिवक्ताओं की सुन रहे हैं, न कि ईश्वर के अधिवक्ताओं की। ईश्वर का वचन ही ईश्वर की मंत्रणा है।[7]

जो कोई भी इस शक्ति (जो ईश्वर के आज्ञाकारी यीशू के सुसमाचार के मंत्री हैं।) का विरोध करता है वह ईश्वर की आज्ञा का विरोध करता है और जो ऐसा करते हैं वे नरकदंड पाएँगे। क्योंकि शासक (ईश्वर के मंत्री) बुराई के लिए आतंक हैं, अच्छाई के लिए नहीं।"( रोमियों 13:2-3)। बुराई असंयत भीड़ में है। चुने गए अधिकारियों

*(पृष्ठ 2 पर जारी)*



*पास्टर टोनी और सूसैन अलामो*



*टोनी अलामो के स्टॉकहोम से दादा और हेल्सिंकी, फिनलैंड से दादी*

**1** युहन्ना 1:6-13, 3:3-8, 15:18-20, 17:6-16, रोमियों 8:7-14, 12:1-2, 1 कुरिन्थियों 2:12, याकूब 4:4, 1 युहन्ना 2:15-17 **2** निर्गमन 20:3-5, यशायाह 44:8-20, मत्ती 12:46-50, 23:9, लूका 11:27-28, 1 तीमुथियुस 2:5, प्रकाशित वाक्य 13:1-8, अध्याय 17, 18 **3** अय्यूब 21:14-16, भजन संहिता 2:1-5, 106:43, 107:11, नीति वचन 1:25, 30, यशायाह 30:1, Hos. 4:12, युहन्ना 8:47, 1 कुरिन्थियों 2:12-14, 2 कुरिन्थियों 4:3-4, 2 थिस्सलुनीकियों 2:10-12, 2 तीमुथियुस 3:13, 4:3-4, 1 युहन्ना 4:4-6 **4** उत्पत्ति 19:1-13, 24-25, लैव्यव्यवस्था 18:22, 20:13, व्यवस्था विवरण 22:5, 23:17-18, 1 राजा 14:24, 15:11-12, रोमियों 1:18-32, 1 कुरिन्थियों 6:9-10, 1 तीमुथियुस 1:9-10, यहूदा 7 **5** उत्पत्ति 9:6, निर्गमन 20:13, 21:12, लैव्यव्यवस्था 24:17, गिनती 35:16-21, 30-33, मत्ती 19:18, रोमियों 13:9, गलातियों 5:19-21, याकूब 2:11, प्रकाशित वाक्य 22:14-15 **6** निर्गमन 20:14-16, लैव्यव्यवस्था 18:4, 20, 19:11-13, 20:10, व्यवस्था विवरण 5:18-21, नीति वचन 6:32, मलाकी 3:5, मत्ती 5:27-28, 15:19-20, 19:18, मरकुस 7:21-23, लूका 18:20, युहन्ना 8:44, रोमियों 13:9, 1 कुरिन्थियों 5:9-13, 6:9-10, 13-18, 7:2, 9, 10:7-8, 2 कुरिन्थियों 12:21, इफिसियों 5:3, कुलुस्सियों 3:5-6, 1 थिस्सलुनीकियों 4:3-5, 1 तीमुथियुस 1:9-10, याकूब 2:11-12, यहूदा 7, प्रकाशित वाक्य 2:14, 20-22, 9:20-21, 21:8, 27, 22:15 **7** व्यवस्था विवरण 4:1-40, 6:4-9, 8:3, 11:18, यहोशू 1:8, भजन संहिता 19:7-11, 119:1-11, नीति वचन 6:20-23, मत्ती 7:24-27, युहन्ना 5:24, 6:63, 8:31-32, रोमियों 15:4, 2 तीमुथियुस 2:15, 3:15-17, 1 पतरस 2:2-3, प्रकाशित वाक्य 1:2-3

# विश्व मंत्रणा

*(पृष्ठ 1 से जारी)*

को विश्वास है कि वे फंदे से इतना परे हैं कि वे ईश्वर के सामने खड़े हो सकते हैं। वे स्वयं को, स्वच्छ, श्वेत व शुद्ध समझते हैं पर वे उतने ही गंदे व मलिन हैं, जितनी कि असंयत भीड़।[8] यह असंयत भीड़, संसार के ये लोग, मानते हैं कि स्त्रियाँ भगवान हैं और यह कि उन्हें अपने बच्चों को कत्ल करने का अधिकार है। असंयत भीड़ ने तो समलैंगिक विवाह, समलैंगिकता, स्त्री समलैंगिकता, व्यभिचार, अश्लील साहित्य व अन्य पापों को भी उचित ठहराया है। ये धर्मभ्रष्ट अधिवक्ता हैं।.

पुन: भजन संहिता 1:1 का कथन है, “धन्य है वह व्यक्ति (लोग) जो धर्मभ्रष्ट की मंत्रणा पर नहीं चलता है, न पापियों के मार्ग में खड़ा होता है।” ईसा मसीह पापियों को बचाने के लिए दुनिया में आए (1 तीमुथियुस 1:15), न कि उन दुष्ट लोगों को क्षमा करने, जो ईश्वर के मंत्रियों को पापियों को साक्ष्य देने से रोकते हैं या किस प्रकार साक्ष्य दें इस बारे में मंत्रियों को निर्देश देने का प्रयत्न करते हैं। ये धर्मभ्रष्ट मेरे अधिवक्ता नहीं हैं, न ये आपके होने चाहिए, क्योंकि, “धन्य है वह व्यक्ति (लोग) जो धर्मभ्रष्ट की मंत्रणा पर नहीं चलता है, न पापियों के मार्ग में खड़ा होता है।” संसार के निन्दित लोग जो शैतान को पूजते हैं, प्रकाशितवाक्य 12:9 के अनुसार, ईसाइयों, ईसा के स्वरूप, प्रभु के लिए आत्मा को जीतने, व लोगों को स्वर्ग जाने से रोकने के लिए, अपनी शक्तिनुसार सब कुछ कर रहे हैं।

टेक्सेर्कना के समाचार पत्र ने सभी नागरिकों को निर्देश दिए हैं कि यदि वे हमारे किसी व्यक्ति को ईसाई साहित्य वितरित करते देखें, तो 911 पर फ़ोन कर पुलिस बुलाएँ। टेक्सेर्कना का समाचार पत्र अपना पूरा प्रयास कर रहा है कि उस क्षेत्र के पापी सत्य से अवगत न हों। राष्ट्रीय मीडिया भी वही काम कर रहा है। विश्व की सरकार हमारे बच्चे हमसे दूर ले जा रही है, क्योंकि हम ईसाई साहित्य वितरित करते हैं। जो लोग ईश्वर की मंत्रणा के विरुद्ध हैं कहते हैं कि वे हमारे चर्च को चलाएँगे। दूसरे शब्दों में, वे सोचते हैं कि सरकार हमारे चर्च चलाएगी। नहीं, वे नहीं चलाएँगे। हम धर्मभ्रष्ट की मंत्रणा पर नहीं चलेंगे, न पापियों के मार्ग में खड़े होंगे, न ही घृणित (वे जो ईश्वर के वचन से क्रोधित हैं) के स्थान पर बैठेंगे। मेरा आनन्द ईश्वर के नियम में है; और उसके नियम में मैं दिन रात चिंतन करता हूँ। (भजन संहिता 1:2).

हमारा पहला चर्च, हॉलीवुड, कैलीफ़ोर्निया के एक मादक डोप डेन में शुरू किया गया था। हमने नशीली दवा के एक विक्रेता (हॉलीवुड में सबसे कुख्यात) को ईश्वर की राह दिखाई। वह तुरंत उत्साह से भर उठा था। उसने हमें (सू और मुझे) डोप डेन में आकर ईसा के सुसमाचार के प्रचार के लिए आमंत्रित किया। हम लॉस एंजलेस शहर में सिस्टर जेरी के गास्पेल मिशन की चर्च सेवा के बाद रविवार के दिन वहाँ गए।

हम कार्लोस एवेन्यू के एक बड़े घर में गए, जहाँ डोप डेन था। वह लोगों (डोपर्स) से भरा था। मैंने अपना साक्ष्य दिया और सूसी ने उन्हें नर्क की आग व गंधक का उपदेश दिया। उसने उनके साथ तर्क किया कि क्यों वे अपना तन, मन, व आत्मा व्यर्थ कर रहे हैं। वे सभी बचाए गए और वह हमारा पहला चर्च बना। तब से हंगामा ही मच गया है। 1964 से हमने दुनिया भर में चर्च बनाए हैं। हमने उनको ईश्वर की मंत्रणा पर स्थापित किया, न कि धर्मभ्रष्ट लोगों की सलाह पर।

वह जंगली जानवर, कैथोलिक पंथ, जिसे झूठे नबी द्वारा गठित किया गया था, ने संयुक्त राष्ट्र को भी स्थापित किया।[10] हम, जो धर्मभ्रष्ट अधिवक्ताओं का अनुसरण नहीं करते, उन वृक्षों के समान होंगे, जो नदियों के जल से रोपित हैं, जो हमें समयानुसार फल (आत्मा) देते हैं; हमारे पत्ते कभी मुरझाते नहीं और हम कुछ भी करें, हम समृद्ध रहते हैं।(भजन संहिता 1:3)

भजन संहिता 1:4-5 का कथन है “धर्मभ्रष्ट ऐसे नहीं हैं: बल्कि भूसे के समान हैं, जिसे हवा हाँक (उड़ा) ले जाती है। अत: धर्मभ्रष्ट न्यायिक निर्णय के सामने खड़े नहीं हो पायेंगे, न ही (पश्चाताप रहित) पापी, सदाचारियों की सभा में।”

रोमियों 13:4-5 का कथन है: सच्चे मंत्री, सलाहकार केवल भलाई के लिए हैं और ईश्वर के सेवक हैं। “परन्तु यदि आप वह करते हो जो अमंगल है (जो कि धर्मभ्रष्ट का अनुसरण करना है, जो कि असंयत भीड़ है जो अमल करने के लिए यू.एन. को प्रभावित करती है) तो डरिये; क्योंकि वह (ईश्वर का मंत्री) बेवजह तलवार (ईश्वर के वचन, जो तलवार है[11]) को नहीं उठाएगा क्योंकि वह ईश्वर का मंत्री है, कोई अमंगल करता है तो उस पर कोप भाजन करने वाला बदला लेने वाला है। इसलिए आवश्यक है कि आप

**8** मत्ती 23:23-28 **9** टेक्सेर्कना गजेट, वॉल्यूम 132, नंबर 313, नवंबर 8, 2008, पेज 1A-2A

**10** प्रकाशित वाक्य 13:1-14, 16:13-14, अध्याय 17, 18:1-3, 24, 19:19-20 **11** इफिसियों 6:17, इब्रानियों 4:12, प्रकाशित वाक्य 1:13-18, 2:12-16, 19:11-16, 21



## कीनिया

हेलो पास्टर टोनी,

मैं ईश्वर के लिए आत्माओं को जीतने के मिशन के लिए आपका गॉस्पेल साहित्य (स्वाहिली में) अपने गाँव में बाँटता हूँ। आप पर ईश्वर की कृपा रहे।

यीशू में आपका
गॉडफ़्रे सीकूकू बंगोमा, कीनिया





आश्रित बनें, न केवल कोप के लिए, बल्कि अंत:करण के लिए भी।”

यीशू ने कहा, “याद रखें वह वचन जो मैंने आपसे कहा, नौकर स्वामी से बड़ा नहीं है। यदि उन्होंने मुझे उत्पीड़ित किया है, तो वे तुम्हें भी उत्पीड़ित करेंगे; यदि उन्होंने मेरी बात मानी है, वे तुम्हारी भी मानेंगे। लेकिन वे ये सब चीजें तुम्हारे साथ मेरे नाम की ख़ातिर करेंगे, क्योंकि वे उसे नहीं जानते जिसने मुझे भेजा है। यदि मैं नहीं आता और उनसे बात न करता, तो उन्हें कोई पाप नहीं था: पर अब उनके पास उनके पाप के लिए कोई आवरण नहीं है। वह जो मुझसे नफ़रत करता है, वह मेरे पिता से भी नफ़रत करता है। यदि मैंने उनके बीच वह काम नहीं किए होते जो किसी अन्य व्यक्ति ने नहीं किए, तो उन्हें कोई पाप नहीं था: परंतु अब उन्होंने मुझे और मेरे पिता दोनों को देखा है और दोनों से नफ़रत की है। यह घटित होने के लिए आया है कि वह वचन पूरा होगा जो उनके कानून में लिखा है, उन्होंने मुझसे बेवजह नफ़रत की।”( यशायाह 53:3, युहन्ना 15:20-25).

वर्तमान में, हम उस समय में जी रहे हैं, जब ईश्वर के दो गवाह टेलीविज़न के माध्यम से सभी के सामने आएँगे। ये गवाह ईश्वर की सलाह का प्रचार करेंगे, जिसे विश्व के सभी निवासी अस्वीकार करेंगे। यह विश्व सरकार, यह जंगली जानवर उठेगा और उन्हें मार देगा क्योंकि वे लगातार लोगों को ईश्वर के वचन से यंत्रणा देते हैं। (प्रकाशित वाक्य 11:3-12)। उनके मृतक शरीर जेरूसलेम की गलियों में 3½ दिनों तक लोगों के देखने के लिए पड़े रहे, दुनिया के लोग उनकी मृत्यु का उत्सव मनाने के लिए उपहारों का आदान प्रदान करेंगे। तब इन दो साक्षियों के मृत शरीरों में जीवात्मा प्रवेश करेगी। वे दोनों अपने पैरों पर खड़े होंगे और ईसा के साथ सदा के लिए स्वर्ग में रहने हेतु परलोक के लिए प्रस्थान करेंगे। (प्रकाशित वाक्य 11:11-12).

मुझे बताएँ, कि क्या आप ईश्वर की मंत्रणा से प्रेम करते हैं या धर्मभ्रष्ट मंत्रणा से। यदि आप ईश्वर की मंत्रणा से इतना प्रेम करते हैं कि आप इन बिल्कुल अन्तिम दिनों

*(पृष्ठ 4 पर जारी)*

## भारत

प्रिय यीशू के प्यारे,

बाईबल और साहित्य के पार्सल के लिए धन्यवाद। मैंने संदेशों को पढ़ा और ईसा, व अन्य लोगों को ईसा के क़रीब लाकर शिष्य बनाने के विषय में अधिक ज्ञान प्राप्त किया। आपके अद्‌भुत कार्य के लिए मैं ईश्वर का शुक्रगुज़ार हूँ। यह साहित्य हमारे विचार-विमर्शों के लिए अति लाभदायक है। हरेक को मालिक के विषय में पढ़ना व जानना चाहिए, यीशू को स्वीकार करें और सुरक्षित रहें। कृपया हमारे लिए उसी प्रकार प्रार्थना करें, जैसे हम आपके लिए करते हैं।

ईश्वर का दास,

ए. अर्जुन राव आंध्र प्रदेश, भारत

## हमारे अनुवाद विभाग से

*हमारे ज़ूलू अनुवादक की ओर से*

हम पास्टर अलामो के संदेश पढ़कर बहुत धन्य हैं। मेरे पति, जो यूनिवर्सिटी कैम्पस यूथ मिनिस्ट्री से जुड़े हैं, अधिकतर सामग्री पढ़कर बहुत प्रसन्न हुए हैं और विश्वास करते हैं कि ईश्वर कई ज़िन्दगियों को छुएँगे।

आप पर ईश्वर की कृपा बनी रहे।

सिंडी वैस्टर्न केप, साऊथ अफ़्रीका

*हमारे स्वाहिली अनुवादक की ओर से*

पास्टर टोनी का साहित्य पढ़कर आँखें ऐसे खुलीं कि मुझे सत्य का पता चल गया है और जब मैं रेडियो पर प्रचारकों को सुनता हूँ, तो उस झूठे प्रचारक को बंद कर देता हूँ। जब मैं साहित्य की प्रूफ़रीडिंग करता हूँ, तो मैं बहुत ध्यान से पढ़ता हूँ और पूर्ण रूप से शिक्षित हो जाता हूँ। पास्टर टोनी कई ज़िन्दगियों को छू रहे हैं।

आपका धन्यवाद।

*हमारे आरमेनियन अनुवादक की ओर से*

यदि एक दिन भी पास्टर अलामो का साहित्य पढ़े बिना निकल जाए, तो मुझे बुरा महसूस होता है। मेरी आत्मा पास्टर टोनी के साहित्य पर निर्भर हो चुकी है। मैं इसे पढ़कर धन्य हूँ। जो मैंने सीखा है उसे मैं अपने साथियों व मित्रों को बताता हूँ।

*हमारे चिचेवा अनुवादक की ओर से*

मैं उन कामों के लिए ईश्वर का धन्यवाद करता हूँ जो आप मुझे देते हैं। वे मेरे जीवन का आशीर्वाद व शस्त्र है। मैं आपके न्यूज़लेटर्स का अनुवाद करता हूँ और हर बार ईश्वर के सत्य सुसमाचार को जान पाता हूँ। पास्टर टोनी अलामो के जीवन के लिए ईश्वर का धन्यवाद करता हूँ। स्वर्ग के फ़रिश्ते उनकी चौकसी व सुरक्षा करते रहें।

ईश्वर का आशीर्वाद।

डॉरिस जॉहानिसबर्ग साऊथ अफ़्रीका

## मैक्सिको

*(स्पैनिश से अनुवाद)*

प्रिय पास्टर अलामो,

मैं आपको शुभकामनाएँ भेज रहा हूँ और आशा करता हूँ कि आप अच्छे और आशीर्वादपूर्ण होंगे। मुझे आपका न्यूज़लेटर मिला, और आप जो लिखते हैं वह मुझे समझ में आता है। मुझे एहसास है कि आपकी मिनिस्ट्री का प्रचार विश्व के विभिन्न भागों में किया जाता है। एक दिन मैं भी इसका हिस्सा बनना चाहूँगा। आपकी बहुमूल्य जानकारी दिन प्रतिदिन मेरा मन स्वच्छ करती है, यदि आप उसे भेजते रहें ,तो मैं इसे अपरिमित रूप से सराहूँगा।

मनोयोग पूर्वक,

इज़राइल परेज़ दुरांगो, मैक्सिको



अलामो मिनिस्ट्रीज ऑनलाइन

www.alamoministries.com

https://twitter.com/tonyalamominist

https://www.youtube.com/user/PastorTonyAlamo

https://www.facebook.com/pages/TONY-ALAMO-Christian-Ministries/729439147079523?fref=ts

# विश्व मंत्रणा

*(पृष्ठ 3 से जारी)*

में उसे आप के ऊपर काम करने देते हैं तो यह प्रार्थना कहिए और सुरक्षित रहिए।

**मेरे मालिक और मेरे ईश्वर मेरी पापी आत्मा पर दया करो।[12] मैं मानता हूँ कि यीशु जीवित ईश्वर के पुत्र हैं।[13] मैं मानता हूँ कि वे क्रॉस पर मारे गए और उन्होंने अपना बहुमूल्य रक्त मुझे मेरे पिछले सभी पापों से क्षमा करने के लिए बहाया है।[14] मैं मानता हूँ कि ईश्वर ने यीशु को पवित्र आत्मा की शक्ति से जीवित किया है।[15] मेरे पापों की स्वीकारोक्ति को सुनने और इस प्रार्थना को सुनने के लिए वे ईश्वर के दाईं ओर बैठे हैं।[16] हे प्रभु यीशु, मैं अपने दिल के दरवाज़े खोलता हूँ और आपको अपने दिल में आमंत्रित करता हूँ।[17] कैलवरी में क्रॉस पर आपने मेरी जगह जो बहुमूल्य खून बहाया था उससे मेरे सभी कुत्सित पापों को धो दो।[18] प्रभु यीशु, आप मुझे इनकार नहीं कर सकते; आप मेरे पापों के लिए मुझे माफ़ कर देंगे और मेरी आत्मा की रक्षा करेंगे। मुझे मालूम है क्योंकि आपके वचन अर्थात् बाइबल में ऐसा कहा गया है।[19] आपके वचन कहते हैं कि आप किसी को मना नहीं करेंगे, उनमें मैं भी शामिल हूँ।[20] इसलिए, मैं जानता हूँ कि आपने मेरी बात सुन ली है, मैं यह भी जानता हूँ कि आपने मुझे जवाब भी दिया है और मुझे यह भी मालूम है कि मुझे बचा लिया गया है।[21] मेरी आत्मा की रक्षा करने के लिए प्रभु यीशु मैं आपका धन्यवाद करता हूँ, और मैं आपके आदेशानुसार तथा आगे से कोई पाप न करके आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करूँगा।[22]**

---

मोक्ष के बाद, यीशु ने बपतिस्मा होने, पिता और पुत् और पवित्र आत्मा के नाम पर पूरी तरह से पानी में गोता लगाने को कहा[23] बाइबल सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया द्वारा प्रकाशित (अंग्रेजी – किंग जेम्स संस्करण) बाइबल के किंग जेम्स संस्करण (10W 0055/2004/17M PL) का अध्ययन करें, और अपने मृत्यु के दिन तक वही करें जो कुछ बाइबल में कहा गया है।[24]

यीशु और पिता ईश्वर अब पवित्र आत्मा के माध्यम से आप में निवास करते हैं। एक तरीका है जिससे आप अपने अंदर ईश्वरीय प्रकृति का पूरा हिस्सा पा सकते हैं। ईश्वरीय प्रकृति जितनी अधिक आपके अंदर होगी, आप उन प्रलोभनों के विरुद्ध उतना ही अधिक मज़बूती से खड़े हो सकेंगे, जिनकी वजह से कई लाख ईसाई मोक्ष से विमुख हो गए। पवित्र आत्मा में बपतिस्मा के लिए प्रार्थना करें। पवित्र आत्मा में बपतिस्मा पाने के निर्देश प्राप्त करने के लिए और ईश्वर की और अधिक पवित्र प्रकृति प्राप्त करने के लिए, हमारा साहित्य मँगाएँ अथवा फोन करें। बिना पवित्रता के, कोई भी व्यक्ति ईश्वर को नहीं देख सकता (इब्रानियों 12:14)।

प्रभु चाहते हैं कि आप अन्य लोगों को मोक्ष के बारे में बताएँ। आप पास्टर टोनी अलामो के साहित्य के वितरक बन सकते हैं। हम आपको साहित्य नि:शुल्क भेजेंगे। अधिक जानकारी के लिए हमें फोन करें अथवा ईमेल करें। इस संदेश को अन्य लोगों के साथ साझा करें।

यदि आप यीशु की आज्ञाओं के अनुसार दुनिया को बचाना चाहते हैं, तो ईश्वर को अपना दशमांश और प्रसाद अर्पित करें। ईश्वर ने कहा, "क्या [तुम] ईश्वर को लूटोगे? फिर भी तुमने मुझे लूटा है। लेकिन तुम कहते हो हमने आपको कब लूटा? क्या दशमांश और प्रसाद में? तुम एक अभिशाप से अभिशप्त हो: क्योंकि तुमने मुझे लूटा है, यहाँ तक कि इस पूरे राष्ट्र [और इस पूरी दुनिया] को लूटा है। तुम अपना सभी दशमांश [एक 'दशमांश' का अर्थ है आपकी सकल आय का 10%] स्टोरहाउस में लेकर आओ, मेरे घर में मांस [आध्यात्मिक आहार] हो सकता है [रक्षित आत्माएँ], और मेज़बानों के लार्ड कहते हैं कि अभी सिद्ध करो, यदि मैं तुम्हारे लिए स्वर्ग की खिड़की न खोल दूँ और तुम पर अपना इतना आशीर्वाद न बरसा दूँ कि तुम्हारे पास इसे धारण करने का स्थान भी न हो। मेज़बानों के लॉर्ड कहते हैं कि मैं तुम्हारी भलाई के लिए भक्षक को फटकार लगा दूँगा, और वह तुम्हारी ज़मीन के फलों को नष्ट नहीं करेगा; न ही तुम्हारी बेल पर समय से पहले फल लगेंगे। मेज़बानों के प्रभु कहते हैं कि सभी राष्ट्र तुम्हें धन्य कहेंगे: क्योंकि तुम्हारी ज़मीन खुशहाल होगी" (मलाकी 3:8-12)।

---

**12** भजन संहिता 51:5, रोमियों 3:10-12, 23 **13** मत्ती 26:63-64, 27:54, लूका 1:30-33, युहन्ना 9:35-37, रोमियों 1:3-4 **14** प्रेरितों के काम 4:12, 20:28, रोमियों 3:25, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 5:9 **15** भजन संहिता 16:9-10, मत्ती 28:5-7, मरकुस16:9, 12, 14, युहन्ना 2:19, 21, 10:17-18, 11:25, प्रेरितों के काम 2:24, 3:15, रोमियों 8:11, 1 कुरिन्थियों 15:3-7 **16** लूका 22:69, प्रेरितों के काम 2:25-36, इब्रानियों 10:12-13 **17** 1 कुरिन्थियों 3:16, प्रकाशितवाक्य 3:20 **18** इफिसियों2:13-22, इब्रानियों 9:22, 13:12, 20-21, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 1:5, 7:14 **19** मत्ती 26:28, प्रेरितों के काम 2:21, 4:12, इफिसियों1:7, कुलुस्सियों 1:14 **20** मत्ती 21:22, युहन्ना 6:35, 37-40, रोमियों 10:13 **21** इब्रानियों 11:6 **22** युहन्ना 5:14, 8:11, रोमियों 6:4, 1 कुरिन्थियों 15:10, प्रकाशितवाक्य 7:14, 22:14 18 मत्ती 28:18-20, युहन्ना 3:5, प्रेरितों के काम 2:38, 19:3-5 19 व्यवस्थाविवरण 4:29, 13:4, 26:16, यहोशू 1:8, 22:5, 2 तीमुथियुस 2:15, 3:14-17, याकूब 1:22-25, प्रकाशितवाक्य 3:18

*अधिक जानकारी के लिए अथवा रूचि के विषय के अन्य साहित्य के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।*

Tony Alamo, World Pastor, Tony Alamo Christian Ministries Worldwide • P.O. Box 2948, Hollywood, CA 90078
चौबीस घंटे की प्रार्थना और सूचना की लाइनः +1 (661) 252-5686 • Fax +1 (661) 252-4362
www.alamoministries.com • taoffice@alamoministries.com

***टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्डवाइड उन सभी के लिए जो अपने संपूर्ण हृदय, आत्मा, मन और शक्ति के साथ प्रभु की सेवा करना चाहते हैं अपने अमेरिकी स्थानों पर एक ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहाँ जीने के लिए सभी आवश्यकत वस्तुएँ उपलब्ध हैं।***

**प्रतिदिन सायं 8 बजे और रविवार दोपहर 3 बजे एवं सायं 8 बजे इन स्थानों पर सेवाएँ होती हैं: Angeles area Church: 13136 Sierra Hwy., Santa Clarita, CA 91390, +1 (661) 251-9424**

**प्रतिदिन सायं 6:30 बजे और रविवार दोपहर 1:30 बजे तथा सायं 6:30 बजे Hollywood Blvd. & Highland Ave., Hollywood, CA से आने-जाने की नि:शुल्क परिवहन सेवा मुहैया कराई जाती है। न्यू यार्क सिटी में प्रत्येक मंगलवार सायं 8 बजे और अन्य स्थानों पर सेवाएँ रात को होती हैं। सूचना के लिए कृपया +1 (908) 937-5723 पर कॉल करें। प्रत्येक सेवा के बाद भोजन परोसा जाता है।**

पास्टर अलामो की पुस्तक, दी मसीहा, माँगें जिसमें क्राइस्ट को ओल्ड टेस्टामेंट से 333 से अधिक भविष्यवाणियों में प्रकट किया गया है।

*पास्टर अलामो के साहित्य के वितरक बनकर आत्माओं की खेती में एक श्रमिक का काम करें।*

*हमारे साहित्य और ऑडियो संदेश शिपिंग शुल्क सहित नि:शुल्क हैं।*

**इनके लिए आपसे शुल्क माँगे जाने पर कृपया (661) 252-5686 (कलेक्ट) पर फोन करें।**

**इस साहित्य में मोक्ष की असली जानकारी दी गई है (एक्ट्स सी 4:12)।**

**इसे फेंके नहीं, इसे किसी और को दे दें।**

**आप में से जो अन्य देशों में रहते हैं, हम आपसे इस साहित्य को अपनी भाषा में अनुवादित करने का अनुरोध करते हैं। यदि आप इसका पुन:मुद्रण करते हैं तो कृपया निम्नलिखित कॉपीराइट और पंजीकरण शामिल करें:**

© कॉपरीराइट जुलाई 2015 सर्वाधिकार सुरक्षित वर्ल्ड पास्टर टोनी अलामो® पंजीकृत जुलाई 2015

HINDI—VOLUME 21800—THE WORLD COUNSEL